**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 23 अप्रैल 2025, समय 1305 (5 मिनट)**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमले के बाद सऊदी अरब की यात्रा बीच में ही छोड़कर आज सुबह नई दिल्ली पहुंच गए। दो दिन की यात्रा में श्री मोदी ने सऊदी अरब द्वारा आयोजित आधिकारिक रात्रिभोज में भी भाग नहीं लिया। उन्हें आज रात को वापस आना था। आगमन के तुरंत बाद, श्री मोदी ने हवाई अड्डे पर संक्षिप्त बैठक की। उन्होंने विदेश मंत्री डॉक्टर सुब्रह्मण्यम जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, विदेश सचिव विक्रम मिसरी और अन्य अधिकारियों के साथ स्थिति पर विचार-विमर्श किया।

****************************************************************************

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने पहलगाम आतंकी हमले में मारे गये लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। मृतकों को उनके गृहनगर भेजा जा रहा है। इस बीच, पहलगाम, अनंतनाग, उससे लगे कुलगाम और दक्षिण कश्मीर के अन्य जिलों में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। आतंकी हमले के विरोध में कश्मीर घाटी में आज दिन भर का बंद रखा गया है। ज्यादातर दुकानें, बाजार, स्थानीय उद्योग और विनिर्माण इकाइयां बंद हैं। वाहन नहीं चल रहे हैं। शिक्षण संस्थान भी आज बंद हैं।

**************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा की है।हमले को कायराना हरकत बताते हुए मुख्यमंत्री ने इस हमले में जान गवाने और घायल होने वाले लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।उन्होंने कहा-

पहलगाम हमले में करनाल के रहने वाले भारतीय नौसेना के अधिकारी 26 वर्षीय विनय नरवाल भी शहीद हो गए है। वे 2 दिन पहले ही हनीमून के लिए कश्मीर गए थे।वह कोच्चि में तैनात थे और शादी के लिए छुट्टी आए थे।मुख्यमंत्री ने विनय नरवाल के परिजनों से भी बातचीत कर संवेदना व्यक्त की  और कहा दुख की इस घड़ी में सरकार परिवार के साथ खड़ी है।

****************************************************************************

विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण, परिवहन मंत्री अनिल विज व शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा सहित विभिन्न मंत्रियों और नेताओं ने भी पहलगाम हमले की निंदा की है।घरौंडा से विधायक एवं हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने करनाल में सेक्टर 7 स्थित शहीद विनय नरवाल के आवास पर पहुँच कर उनके परिजनों से मुलाकात की। घटना पर दुख जताते हुए हरविंदर कल्याण ने कहा कि जो हत्याकांड कश्मीर में हुआ है उसकी भर्त्सना भारत ही नहीं पूरी दुनिया कर रही है। उन्होंने कहा कि यह हमला कुछ लोगों पर नहीं बल्कि पूरे देश पर हमला है।ऊर्जा मंत्री अनिल विज और शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले को कायरतापूर्ण बताते हुए कहा कि इस घटना की जितनी निंदा की जाए, उतनी कम है।

****************************************************************************

गर्मी के बढ़ते प्रकोप के चलते हरियाणा सरकार ने पशुओं की देखभाल के लिए एडवाइजरी जारी की है, ताकि पशुओं को गर्मी से बचाया जा सके।

सरकार के आदेशों पर अमल करते हुए जींद जिले में पशुपालन विभाग ने जिला भर के पशु चिकित्सकों को सभी पशुपालकों को गर्मी के प्रकोप से बचाने के उपायों के बारे में विस्तार से बताने के निर्देश दिए गए हैं।

जींद में पशुपालन विभाग के  पॉली क्लीनिक के प्रभारी डॉक्टर बलवंत  ने बताया –

न्होंने सभी पशुपालकों से अपील की कि पशुओं की उत्पादन क्षमता को बनाए रखने व गर्मी की लू के कारण बीमार न होने से बचाने के लिए पशुपालन विभाग द्वारा जो सलाह दी जाती है, उसका पालन  जरूर करें।

****************************************************************************

हरियाणा में आगामी नागरिक-सैन्य संपर्क सम्मेलन -2025 के संबंध में कल चंडीगढ़ में गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा की अध्यक्षता में प्रारंभिक बैठक आयोजित की गई। बैठक की सह-अध्यक्षता भारतीय सेना के मेजर जनरल रंजीव सिंह सैनी ने की।बैठक के दौरान, भारतीय सेना की पश्चिमी कमान और हरियाणा सरकार के बीच तालमेल स्थापित करने और भूमि, सैनिकों व सेना के भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण से संबंधित मुद्दों पर, भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारियों, हरियाणा सरकार के संबंधित विभागों के अधिकारियों और संबंधित जिला उपायुक्तों के साथ विस्तृत चर्चा की गई।डॉ. मिश्रा ने सभी संबंधित विभागों और उपायुक्तों को आगामी नागरिक-सैन्य संपर्क सम्मेलन से संबंधित मुद्दों पर कार्रवाई में तेजी लाने और निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने नागरिक-सैन्य सहयोग सुनिश्चित करने के लिए कार्यों को समय पर निष्पादित करने पर भी जोर दिया।